अकबर बादशाह अलौकिक चमत्कारों के कारण श्री गुंसाई जी से बहुत ही अधिक प्रभवित था. एक बार अकबर ने श्री गुंसाई जी को बहुत ही मूल्यवान रत्न भेंट किया था. श्री गुंसाई जी ने रत्न यमुना जी में पधरा दिया था.

अकबर बादशाह के द्वारा वापस रत्न मांगने पर अकबर को यमुना में हाथ डालकर रत्न निकालने के लिए श्री गुंसाई जी ने कहा. जब अकबर ने यमुना जी में हाथ डाला तो अनेको रत्न निकल आये. अकबर यह देखकर दंग रह गया.

अकबर बादशाह की भेंट

श्री गोकुल श्री गुंसाई जी को अकबर बादशाह के द्वारा भेंट किया गया है. श्री गुंसाई जी को अकबर बादशाह दीक्षितजी कहता था. श्री गुंसाई जी ने अकबर बादशाह को पूर्ण पुरु-ोत्तम के रुप में दर्शन दिये हैं.

जन्मा-टमी के दिन अकबर बादशाह वेश बदलकर बीरबल के पीछे नवनीतप्रिया जी के मंदिर में दर्शन करने आया. श्री गुंसाई जी के अलावा किसी ने अकबर को नहीं पहचाना.

श्री गुंसाई जी नवनीतप्रियाजी को बहुत ही आनन्द में पालने में झुला रहे थे. छितस्वामी बहुत ही उत्साह के साथ में नवनीतप्रिया जी के सामने यह पद गा रहे थे कि प्रिय नवनीत पालने झुले श्री विठठलनाथ झुलावे.

श्री गुंसाई जी ने अकबर को जब दर्शन कर वापस जाने लगा तब गुप्त रीत से महाप्रसाद दिलवाया. अकबर को ऐसे दर्शन हुए कि विठठलनाथ पालने में बैठे हैं तथा नवनीतप्रियाजी उनको झुला रहे हैं.

श्री गुंसाई जी गोकुल में रहकर मथुरा के विश्रामधाट के चौबों के अग्रणी छितस्वामी जो बहुत ही चालाक तथा ठग थे को भी बहुत ही कड़ी परीक्षा खोटा रुपया तथा खोटा नारियल असली बनाकर अपना सेवक बना लिया है.

श्री गुंसाई जी के सेवक बनने के बाद में छितस्वामी के जीवन में बहुत ही चमत्कारिक परिवर्तन हुए थे.



छितस्वामी

छितस्वामी बीरबल के पुरोहित थे. हर साल बीरबल के यहां पर व-र्षासन लेने के लिए आते थे. बीरबल के द्वारा छितस्वामी के इस पद जे वसुदेव किए पूरण तप सोई फलफलित श्री वल्लभदेह गाने पर शंका उत्पन्न की गयी.

बीरबल ने छितस्वामी को कहा कि मैं तो वै-णव हूं. आप बादशाह के सामने यह पद न गायें. बादशाह मलेच्छ है. बादशाह के पूछने पर आप उसे क्या उत्तर देंगे? छितस्वामी बीरबल से नाराज होकर कहा कि मेरे लिए तो तू मलेच्छ है इसलिए आज से उसका मुंह न देखने की प्रतिज्ञा करते हैं.

श्री गुंसाई जी ने छितस्वामी को गोकुल में अपनी अदभुत संगीत कला से परिचय करवाकर पद गाने के लिए प्रेरित किया है. छितस्वामी के पद विश्व में आज भी अ-टसखा के पदों के नाम से जाने जाते हैं.



गोविंद स्वामी

गोविंदस्वामी गोकुल में श्री गुंसाई जी के सबसे प्रिय सेवक बने हैं.

गोविंदस्वामी ने श्री गुंसाई जी से संगीत की दिव्यकला को प्राप्त कर अदभुत पद तेयार किये.

अकबर स्वयं तानसेन के द्वारा गोविंदस्वामी के पद की तारीफ सुनकर वे-ा बदलकर नवनीतप्रिया जी के मंदिर में सुनने के लिए आया था.

गोविंद दास

गोविंदस्वामी सेवक बनने के बाद में गोविंददास के नाम से जाने गये.

श्री गुंसाई जी यहां पर साक्षात बिराज रहे हैं. वै-णवों को अदभुत अनुभव नित्य यहां पर हो रहे हैं. महाअलौकिक सुख वै-णवों को आज भी गुंसाई जी से मिल रहा है. इसलिए वै-णवों ने श्रीगोकुल में ही नित्य वास कर गुंसाई जी के दर्शन करने का आग्रह किया है.

इसलिए तो वै-णवों ने गाया है कि मानिकचंद प्रभु सर्वदा, श्री गोकुल करत विहार. सदा व्रज में ही करत विहार. युग युग राज करो श्रीगोकुल. यह सुख भजन प्रताप तेज तें छीन इत उत न टेरो. ऐसे भगवदीयन ने अनेक बधाईन में गाया है. आप सदा सर्वदा गोकुल में बिराजमान हैं.

श्री गिरधर जी एक समय संध्यावदन गादी के सामने बैठकर कर रहे थे. तब श्री गोकुलनाथजी ने श्री गिरधर जी को विनंती की कि आप गादी पर बिराजकर संध्यावदन क्यों नहीं कर रहे हैं? तब श्री गिरधर जी ने गोकुलनाथजी को कहा कि मुझे गादी पर श्री गुंसाई जी के दर्शन संध्यावदन करते हुए होते हैं. श्री गुंसाई जी के दर्शन यहां पर श्री गोकुलनाथ जी, श्री गिरधर जी को सदैव संध्यावदन करते हुए हैं.

श्री हरिराय जी की पहली बैठक

श्री हरिराय जी की बैठक गोकुल में श्री विठठलनाथ जी के मंदिर में है. एक बार श्री महाप्रभुजी के बड़े भाई श्री केशवभटटजी श्री गुंसाई जी के पास में आये तथा अपने मठ के लिए उनसे एक पुत्र की मांग की.

श्री गुंसाई जी ने एक दिन का समय अपने चाचाजी से मांगा. लेकिन दूसरे दिन श्री गुंसाई जी के सातों पुत्रों ने गोकुल में सेवा त्यागकर केशवभटट जी के साथ में जाने से साफ मना कर दिया.

तब श्री कल्याणरायजी को श्री केशवभटट को देने का निश्चिय किया गया. श्री कल्याणराय जो उस समय मात्र 10 साल के थे रात भर डर के मारे नहीं सोने के बाद में श्री गुंसाई जी से विनंती की कि मुझे गोकुल छोड़कर कहीं नहीं जाना है. श्री गोकुल के अलैकिक महत्व का एक पद श्री गुंसाई जी के सामने गाया.



श्री गुंसाई जी ने प्रसन्न होकर अपना चर्वित तांबुल देकर श्री कल्याणरायजी को अभय वचन दिया. श्री गुंसाई जी के आर्शीवाद के कारण श्री गुंसाई जी के सदेह ही संवत 1642 में नित्य लीला में प्रवेश करने के बाद 5 साल बाद श्री हरिरायजी के रुप में श्री कल्याणराय जी के यहां पर श्री गुंसाई जी ने ही श्री गोकुल में भादरवा सुद पंचमी संवत 1647 को अवतार ग्रहण किया है.

अपने पिता श्री कल्याणरायजी के पास में समग्र शास्त्र, श्रीमद भागवत, सर्वोत्तम का अध्ययन किया था. अपनी कुशाग्र बुद्धि से ब्रहमवाद का ज्ञान प्राप्त किया था.

श्री विठठलनाथजी के मंदिर में श्री हरिरायजी श्री गोकुलनाथजी के पास में 10 साल की आयु से ही भगवदवार्ता श्रवण करते थे. साम्प्रदायिक भावना व्यवहार इतिहास श्री गोकलेशजी के सहवास से समझ लिया.

बचपन से ही भगवान तथा भक्तों के चरित्र श्रद्धापूर्वक सुनना पसंद था.

हरि, गुरु, वै-णवों का आदर करना तथा उनमें समानता का भाव रखना मुख्य था. वै-णवों के साथ में मिलकर सत्संग एवं भगवतवार्ता करते थे. श्रीमद भागवत तथा श्री सर्वोत्तम का सतत पाठ करना नित्य क्रम में था.

श्री गोकुलनाथ जी से आपने 8 साल की आयु में ही ब्रहम संबंध लिया है. श्री गोकुलनाथजी में आपकी गुरुभक्ति दृढ तथा अद्वितीय थी. प्रथम पवित्रा गोकुलनाथजी को पवित्रा बारस के दिन भेट करते थे. भोजन करने के पूर्व श्री महाप्रभुजी श्री गुंसाई जी या कोई भी सेव्य स्वरुप, निधि, स्वगुरुचरण का चरण स्पर्श करने का जीवन भर का नियम था.

उस समय में वै-णवों ने भी नियम लिया था कि चलकर 2 से 3 किलोमीटर तक श्री गुंसाई बालक के चरण स्पर्श कर भोजन करते थे.

श्री गोकुलनाथजी के भोजन करने के बाद में श्री हरिरायजी भोजन करते थे. श्री गोकुलनाथजी के नित्य लीला में प्रवेश करने पर श्री हरिरायजी को बहुत ही अधिक दुःख हुआ था. श्री हरिरायजी ने कई दिनों तक विप्रयोग में भोजन नहीं किया था.

श्री हरिरायजी को भगवद आज्ञा हुई कि आप श्री सर्वोत्तम जी के सतत जप करे. श्री हरिरायजी ने तीन महारात्रि तक श्री सर्वोत्तम जी का पाठ किया जिससे श्री महाप्रभुजी ने प्रकट होकर अपने प्राकटय का कारण समझाया तथा निजानंद का दान किया.

तब से श्री हरिरायजी श्री महाप्रभुजी के स्वरुपानंद में मानसी में मस्त रहते थे. श्री हरिरायजी को मानसी पराभक्ति सिद्ध हो गयी थी. हरिरायजी मानसी सेवा में मस्त रहते थे.

श्री महाप्रभुजी के पवित्र वंश में जन्म लेने के कारण श्री हरिरायजी सदैव ही मर्यादा का पालन करते थे. आपकी मान्यता थी कि सत्कर्म तथा दान करने से मानव की आयु बढ़ती है.

श्री हरिराय जी की मान्यता थी कि हरि गुरु वै-णव की निंदा कभी नहीं करनी चाहिए.

आदर्श त्याग भावना का उदाहरण परस्त्री गमन आदि विचार का त्याग करना आवश्यक है. परस्त्री के संबंध से भगवान से चित्त दूर होता है. इसलिए परस्त्री को मन से भी ग्रहण नहीं करनी है. अनायास यदि परस्त्री का प्रसंग आता है तो परस्त्री को दूर रहने का उपदेश देना चाहिए.

ब्रहम संबंध लेने के बाद में असमर्पित वस्तुओं का पूरी तरह से त्याग करना अनिवार्य है.

गृहस्थाश्रम केवल भगवत सुख के लिए आवश्यक है. 24 साल की आयु में आपने विवाह किया था. वहुजी

बहुत ही सुन्दर तथा अलौकिक प्रतिभा तथा भाव सम्पन्न थी.

श्री बहुजी दीर्घायु तथा सेवा के लिए पूरी तरह से समर्पित थी. श्री हरिरायजी के चार पुत्र श्री गोविन्दजी, श्री विठ्ठलरायजी, श्री छोटाजी, श्री गोराजी थे.

श्री हरिरायजी सुबोधिनीजी के मर्मज्ञ थे तथा उनकी रचनाओं में भी भावगंभीरता देखने को मिली है. 1677 में माला तिलक संबंधी विवाद भी श्री हरिरायजी ने देखा तथा श्री गोकुलनाथजी ने माला तिलक के विवाद को जिस कुशलता के साथ में हल किया है वह भी देखा है.

मुगलों के भारत में आक्रमण के कारण ही श्री गोकुल पर भी खतरा दिखने लगा था.

औरंगजेब के द्वारा 1726 में श्री गिरीराजजी तथा श्री गोकुल में 2 मंदिरों श्रीनाथजी तथा श्री गोकुलनाथजी की छतों को तोड़ने का कार्य किया गया था. श्री हरिरायजी की इच्छा भवि-य में होने वाले उपद्रव के पूर्व श्री विठ्ठलनाथजी को मेवाड़ पधराने की थी.

श्री हरिरायजी ने गोकुल छोड़ने के लिए श्री विठ्ठलनाथजी से विनंती की थी लेकिन श्री विठ्ठलनाथजी ने मना किया. श्री विठ्ठलनाथजी की सेवा श्री हरिरायजी करते थे.



श्री हरिरायजी ने एक बार श्रीनाथजी के मेवाड़ पहुंचने के पूर्व श्री विठ्ठलनाथजी को मेवाड़ पहुंचाने के लिए विनंती की. श्री विठ्ठलनाथजी ने श्री हरिरायजी के दुःख को देखकर श्री गोकुल छोड़ने की अनुमति दी.

कलियुग में अपने धर्म को सुरक्षित रखने के लिए गंभीरता के साथ में विचार करने के बाद में श्री हरिरायजी ने पहली बार अपने सेव्य स्वरुप के साथ में गोकुल से 1715 में सुरक्षित स्थान मेवाड़ में उदयपुर के महाराणा के आमंत्रण पर श्रीनाथद्वारा के लिए प्रस्थान किया.



श्री हरिराय जी ने श्री गोकुल की महिमा को अपने पदों में वर्णन किया है. जैसलमेर में श्री गिरधारी जी के मंदिर में श्री गोकुल का विरह होने के कारण बहुत ही बैचेन रहते थे.

श्री गोकुल में सबसे अधिक समय रहकर 175 ग्रंथ संस्कृत में लिखे हैं. वै-णवों के समझने तथा अपने आचरण में उतारने के लिए श्री हरिरायजी के द्वारा लिखित संस्कृत भा-ाा के ग्रंथों का हिंदी में अनुवाद भी किया गया है.

कलियुग में अन्याश्रय का त्यागकर श्री हरिरायजी के ग्रंथ भक्तिमार्ग में ले जाने के लिए अदभुत हैं. श्री हरिरायजी ने वै-णवों के लिए सरल उपाय बताया है.

श्री निजाचार्य-टकम उपजाति, श्री वल्लभ पंचाक्षर स्त्रोतम, श्री वल्लभभावा-टकम, श्री प्रभाता-टकम, श्री गोकुलेश सेवाहिकम, श्रीमद गोकुलचन्द्र-टकम, श्री नवनीतप्रिया-टकम, श्री भुजंगप्रयाता-टकम, श्री स्मरणा-टकम, श्री स्वप्रभुविज्ञप्तिः, श्री द्वितीया स्वप्रभु विज्ञप्तिः, श्री कृ-णचरण विज्ञप्तिः, दैन्या-टकम, मध्यान्हलीला, श्री गोकुलप्रवेशलीला, प्रमाणिका-टकम, श्री गिरधररा-टम, प्राथना-टकम, श्री गोपीजनवल्लभा-टकम, द्वितीय श्रीकृ-णशरणा-टकम, श्रीकृ-णशरणा-टकम, नैवेद्यसम्बन्धि स्त्रोतम, मूलरुपसंशयनिराकरणम, प्रातर्युगलस्मरणम, पु-टिमार्गलक्षणानि, पु-टिपथमर्मनिरुपणम, ब्रहमसंबंधवाक्यकठिनांशविवेचनम, अ-टाक्षरमंत्रपूर्वपक्षनिराशः, स्वमार्गीयसाधनरहस्यम, भक्तिमार्गपु-टिमार्गत्वनिश्चयः, भक्तिदवैविध्यनिरुपणम, स्वमार्गीयभक्तिदवैविध्यविवेकः, स्वमार्गीयमुक्तिदवैविध्यनिरुपणम, स्वमार्गीयस्वरुपस्थापनप्रकारः, स्वमार्गीयसेवाफलरुपनिर्णयः, श्री मत्प्रभोश्रिचिन्तनप्रकार, पु-टिमार्गीयस्वरुपनिरुपणम, स्वमार्गीयशरणसमर्पणसेवादिनिरुपणम, गद्यार्थ, अ-टाक्षरमन्त्रार्थ, दुःसंगविज्ञानप्रकार निरुपणम, निवेदनतात्पर्यार्थः, सर्वात्मभावनिरुपणम, अ-टाक्षरशरणमंत्रपूर्वपक्षनिराशः, मधुरा-टकतात्पर्यम, भगवतप्रादुर्भावसिद्धान्तः, प्रभुप्रादुर्भावविचारः, श्रीमत्प्रभुप्राकटयहेतुनिर्णयः, चतुःश्लोकी, प्रातःस्मरणम, श्री यमुना विज्ञप्ति, विज्ञप्ति, मार्गस्वरुपनिर्णय, स्वमार्गीयकर्तव्यनिरुपणम,

23 भा-ााओं में श्री हरिरायजी के द्वारा ग? ण्वं प? की रचना की है. व्रज भा-ाा में गद्य एवं पद्य के रुप में उल्लास, श्रीनाथजी के चरण चिन्ह, नित्यलीला आदि 44, 41 शिक्षा पत्र, भावभावना, लीलाभावना, श्री महाप्रभुजी की आदि प्राकटय भावना, श्री वल्लभकुल के स्वरुपों की भावनार्थ, रहस्यभावना की रचना, 84 वचनामृत, 84 तथा 252 वै-णवों की वार्ता के गूढ़ भावों पर भावप्रकाश द्वारा प्रकाश डालकर कुल 300 ग्रंथों की रचना की है.

श्री हरिराय जी को शिक्षासागर के नाम से जाना जाता है. 41 शिक्षापत्र सत्संग के लिए सर्वश्रे-ठ है. सत्संग हमारी प्राथमिक आवश्यकता है. शिक्षापत्र पढ़ने के कारण संतो-ा, शांति, मार्गदर्शन मिलता है.

गुजराती, पंजाबी, मारवाड़ी में धोड़पद प्रसिद्ध हुए हैं. श्री हरिरायजी को हरिराय महाप्रभु के नाम से जाना जाता है. श्री हरिरायजी को श्री गुंसाई जी के चर्वित तांबुल के कारण ही प्रभुचरण के नाम से भी संबोधित किया जाता था. श्री हरिराय जी यहां पर नित्य बिराज कर वै-णवों को दर्शन देकर उनके सभी अलौकिक मनोरथ पूरे कर रहे हैं.

श्री हरिराय जी ने श्री गोकुल में भगवदरस में मस्त होकर श्रीमद भागवत सप्ताह की है. श्रीमद भागवत सप्ताह के समय महाअलौकिक रस उत्पन्न कर सभी वै-णवों को परम आनन्द प्रदान किया है.

श्री हरिराय जी ने भूतल पर 125 सालों तक बिराजकर गोवंश के संवर्धन करने सबसे अधिक कार्य किया है. श्री निरोध लक्षण ग्रंथ की टीका आपने यहां पर सबसे पहले की है. आपके कृपापात्र सेवक हरजीवनदास के साथ मिलकर रहस्य वार्ता करते थे.



श्री गिरधर जी की पहली बैठक

श्री गिरधर जी की बैठक गोकुल में श्री गोकुलनाथजी के मंदिर में गुंसाई जी की बैठक के पास में है. श्री गिरधर जी श्री गुंसाई जी के प्रथम पुत्र हैं. श्री गुंसाई जी श्री गिरधरजी को गोवर्धन कहते थे. श्री गिरधरजी के 120 वचनामृत प्रसिद्ध हैं.

श्री गिरधर जी 6 अलौकिक गुणों से परिपूर्ण थे. 6 गुणों के धारण करने के कारण ही नरभू-ाण कहा गया है. श्री गुंसाई जी के समान ही श्री गिरधरजी भी धर्म धुरंधर थे. धर्मी गुण प्रकट था तथा बाकी गुण गुप्त थे.

श्री गिरधरजी में अलोकिक सामर्थ्य होने के कारण ही श्री नवनीतप्रियाजी श्री गिरधरजी के माथे बिराजे हैं.

चार वेद 18 पुराण तथा 6 शास्त्र के जानकार होने के कारण ही श्री गिरधरजी परम विद्वान वक्ता थे. 1624 में श्रावण माह में बीरबल के आग्रह करने पर मथुरा में अकबर के सामने पंडितो के साथ में शास्त्रार्थ किया था.

6 जीवों को ही आपने ब्रहम संबंध दिया था तथा ब्रहम संबंध के बाद जीव लीला में प्रवेश कर गये थे. श्री गुंसाई जी ने श्री गिरधरजी को आगे ब्रहमसंबंध देने से मना कर दिया था. आपके कुल 40 सेवक थे.

श्री गिरधर जी कारतक सुद बारस 1557 के अडेल में जन्मे थे तथा श्री महाप्रभुजी के वंश में कल्पवृक्ष के समान थे. आप गौर वर्ण के थे तथा श्वेत धोती एवं उपरणा धारण करते थे. स्वभाव धीर गंभीर एवं विचारशील होने के कारण एकांत प्रेमी थे.

आठ साल की आयु में श्री गुंसाई जी के द्वारा काशी में भव्य समारोह कर श्री गिरधरजी का यज्ञोपवित संस्कार चेत्र सुद 5 को किया था.

गोपालपुर में श्रीनाथजी के सामने श्री गुंसाई जी ने श्री गिरधरजी को ब्रहमसंबंध दीक्षा दी थी. श्रीनाथजी की श्रंगार की सेवा श्री गुंसाई जी ने श्री गिरधरजी के हाथों से करवायी थी.

मागसर सुद 15 संवत 1615 में श्री माधवभटट की सुपुत्री श्री भामिनी जी के साथ में श्री गिरधर जी का विवाह संस्कार सम्पन्न हुआ था. विवाह संस्कार के बाद बहुत ही आनन्द के साथ में सपरिवार श्री गुंसाई जी के द्वारा श्रीनाथजी का छप्पनभोग किया गया था. श्री गोपालपुर में भामिनी जी को श्री गुंसाई जी ने ब्रहमसंबंध दिया था.

1618 में श्री रुक्ष्मणीजी के लीला में प्रवेश करने के बाद में श्री भामिनीजी ने बहुत ही छोटी आयु में घर का सभी कार्य संभाल लिया था. 3 साल के यदुनाथजी के लालनपालन का कार्य श्री गुंसाई जी ने श्री भामिनी जी को दिया था.

1632 में श्री पदमावती जी के नित्यलीला में प्रवेश करने के कारण 4 साल के श्री धनश्यामजी के लालनपालन करने का भी कार्य श्री भामिनी जी को दिया गया था.

श्री गुंसाई जी के छठे लाल श्री यदुनाथजी तथा सातवे लाल श्री घनश्यामजी की बहुत ही अच्छी सेवा की थी. श्री गुंसाई जी ने श्री भामिनी जी को उनकी सेवा से प्रसन्न होकर वंश चलने का आर्शीवाद दिया था.

श्री गिरधरजी का वंश आज भी श्रीनाथद्वारा में श्रीनाथजी तथा श्री नवनीतप्रियाजी की सेवा कर रहा है.

श्री गिरधरजी के पुत्र आसो सुदी 15 श्री मुरलीधरजी, श्रावण सुदी 15 श्री दामोदरजी, पो-ा वद 6 श्री गोपीनाथजी का प्राकटय हुआ है.

महावद 7 1665 को श्री गिरधरजी ने श्री दामोदरजी को श्रीनाथजी तथा श्री नवनीत प्रिया जी का स्वरुप पधरा दिया था.

1616 में महावद 13 के दिन श्री गुंसाई जी के साथ में जगन्नाथजी के दर्शन करने के लिए पुरी गये थे.

1637 को श्री गुंसाई जी के साथ में द्वारका गये थे. तीन बार ब्रज परिक्रमा की थी.

80 व-र्ा 1 माह 5 दिन तक भूतल पर रहकर श्रीनाथजी की सेवा कर गोवंश के संवर्धन करने मार्गदर्शन किया. मागसर वद 2 1677 को श्री गिरधरजी श्री मथुरेशजी के मुखारविंद में श्रंगार करते हुए सदेह प्रवेश कर गये थे.

श्री गुंसाई जी एक बार विचार करने लगे कि मायावादी तो हमारे सामने आते नहीं हैं. मायावादी गोवंश विरोधी हैं. मायावादी तो आगे बहुत ही उपद्रव करेंगे. हमारे पास पृथ्वी परिक्रमा करने का अवकाश तो है नहीं.

श्री गिरधर जी ने श्री गुंसाई जी से पूछा कि आप क्या विचार करने लगे. तब श्री गुंसाई जी ने कहा कि हमारे सामने मायावादी आते नहीं हैं. श्री गिरधर जी ने कहा कि पुरु-ोत्तम के सामने मनु-य की क्या सामर्थ्य है जो सामने आकर बैठ सके.

श्री गिरधर जी श्री गुंसाई जी के सामने बैठकर मायावादी की तरह ही प्रश्न करने लगे तब श्री गुंसाई जी ने विस्तार से उत्तर दिये. प्रश्न उत्तर के बाद में विद्वन्मंडन ग्रंथ यहां पर प्रगट हुआ है. श्री गुंसाई जी श्री गिरधर जी पर बहुत ही प्रसन्न हुए हैं.



गोकुलनाथ जी की पहली बैठक

श्री गोकुलनाथ जी की बैठक श्री गोकुल में श्री गोकुलनाथजी के मंदिर में है. श्री गोकुलनाथजी एक बार ही श्री गोकुल के बाहर गुजरात में वै-णवों के अपार प्रेम के कारण ही 1 साल के लिए पधारे हैं.

1677 में माला तिलक के बारे में विवाद होने पर श्री गोकुल से बादशाह जाहगीर के पास में काश्मीर में श्री गोकुलनाथजी को जाना पड़ गया था.

श्री गोकुलनाथ जी यहां पर साक्षात बिराज रहे हैं. मागसर सुद 7 संवत 1608 से महावद आठम 1697 तक कुल 89 व-र्ा, 2 माह तथा 17 दिनों तक भूतल पर बिराजकर 84 252 वै-णव वार्ता, हास्य प्रसंग, वचनामृत आदि बहुत सारा साहित्य सिद्धांत को समझाने के लिए प्रगट किया है.

श्री गोकुलनाथ जी ने वै-णवों पर कृपा करने के लिए गुंसाई जी से पु-िट मार्ग का सिद्धांत पूछा. तब श्री गुंसाई जी ने पु-िटमार्ग का सिद्धांत कहा.

श्री गोकुलनाथ जी अपनी बैठक में बैठकर सिद्धांत के बारे में गंभीरता के साथ में विचार करने लगे. श्री गोकुलनाथ जी के परम प्रिय कल्याणभटट जी आये और सा-टांग दंडवत प्रणाम किया. चार घंड़ी बाद आपने कल्याणभटट की ओर देखा और पूछा कि कब आये?

श्री गोकुलनाथ जी ने कल्याणभटट को कहा कि मैं गुंसाई जी के पास में गया था और उनसे पु-िट मार्ग का सिद्धांत पूछा. आपने पु-िटमार्ग का सिद्धान्त कहा. पु-िटमार्ग की रीति तो महा कठिन है कछु बनती नांही.

पु-िट मार्ग के सिद्धांतों को वै-णवों को समझाने के लिए श्री गुंसाई जी से पूछकर गोकुलनाथ जी ने जो कहा है 24 श्लोक में कल्याणभटट ने लिखा है.

श्री गोकुलनाथ जी के 24 वचनामृतों में वै-णवों के लिए उपलब्ध है. श्री गोकुलनाथ जी के द्वारा तुलसी की माला तथा तिलक धारण करने की रक्षा करने के लिए मुसलमानों का कठोर विरोध किया गया था.

माला एवं तिलक के रक्षणहार श्री गोकुलनाथ जी के वंशज श्री सुरेश बावा श्री भी यहां पर बिराजकर नित्य उत्सव कर रहे हैं. जय जय श्री गोकुलेश के जयकारे के साथ में श्री गोकुलनाथ जी को मानने वाले गोवंश के संवर्धन करने के लिए अपार दान देकर धन्य हो रहे हैं.



श्री महाप्रभु जी की प्रथम बड़ी बैठक ठकराणी धाट के बाजू में

पहली सबसे महत्वपूर्ण भीतर की बड़ी बैठक है तथा श्री महाप्रभु जी साक्षात यहां पर बिराज रहे हैं इसलिए गोकुल में प्रतिदिन हजारों वै-णव परिक्रमा करते हुए आते रहते हैं. 84 बैठकों में यह पहली बैठक है. यहां पर आप नित्य भोजन करते तथा कथा कहते.

वृन्दावन के बड़े बड़े महंतों ने विचार किया कि श्रीनाथजी की सेवा हम करें. तब श्रीनाथजी ने उनको आज्ञा की कि मेरी सेवा तो मेरा स्वरुप ही करेगा. मेरी सेवा आचार्य श्री करेंगे. आपको भगवद भजन का अधिकार है इसलिए आप भगवद भजन से अपना उद्धार करें.

महंतों ने श्री आचार्य जी की परीक्षा लेने के लिए अपना एक वै-णव श्यामानंद श्री गोकुल में भिजवाया. उसके पास में एक श्रीशालीग्राम जी का स्वरुप बटुआ में था. बटुआ को छोकर के वृक्ष के नीचे टंगा कर श्री आचार्य जी का दर्शन करने भीतर गया.

दर्शन कर वापस बटुआ लेने गया तब बटुआ वहां पर नहीं था. आचार्य जी को कहा कि मेरा बटुआ आपके सेवकों ने चुरा लिया है. आचार्य जी ने कहा कि हमारे सेवक तुम्हारा बटुआ क्यों लेंगे? तुम बटुआ जहां पर रखा था वहीं देख लो.

छोकर बटुओं से भर गया था. उसने आचार्य जी को कहा कि इतने बटुओं में से बटुआ मेरा कौन सा है?

तब आचार्य जी ने श्यामानंद को कहा कि तू अपने इ-ट को पहचानता नहीं है? तू बाहर जाकर देख तो सही.

श्यामानंद बाहर जाकर दंग रह गया क्योंकि तब वहां पर मात्र एक ही बटुआ था. वह अपना बटुआ लेकर महंतों के पास गया तथा श्री आचार्य जी ईश्वर हैं इसलिए उनके द्वारा श्री आचार्य जी की परीक्षा लेने पर श्यामानंद के सामने चमत्कार करने पर मंहतों ने अपना विचार बदल लिया.

लीली परिक्रमा के समय में भी वल्लभकुल के आचार्यों के द्वारा वै-णवों के साथ में मिलकर भव्य उत्सव मनाया जाता है. लीली परिक्रमा के समय में हजारों की संख्या में वै-णव गोवंश के लिए उदारता के साथ में धन दान करते हैं.

श्री महाप्रभु जी वल्लभाचार्य की गोविन्दघाट की 2 री बैठक गोविन्द घाट के बाजू में मुखिया जी श्री सुरेश भाई 9358706176 श्री अमित भाई 9675613532



गोकुल व्रज परिक्रमा मार्ग पर स्थित है एवं गोकुल में श्री महाप्रभु जी वल्लभाचार्य की दूसरी बैठक गोविंदघाट पर है. यहां पर श्री महाप्रभु जी साक्षात बिराज रहे हैं.

गोविन्दघाट पर श्री महाप्रभु जी के द्वारा गोविन्दघाट एवं ठकुरानीघाट के बारे में दोनों बराबर है कौन सा गोविन्दधाट है कौन सा ठकुरानीधाट है यह पता नहीं लगता है.

दामोदरदास हरसानी जी को बतलाने पर साक्षात श्री यमुना महारानी जी के द्वारा स्त्री रुप धारण कर महाप्रभु जी को बतलाया कि आपके दक्षिण में ठकुराणीघाट है तथा छोकर के नीचे जहां आप बिराज रहे हैं वह गोविन्दघाट है.

आचार्य जी ने दामोदरदास को कहा कि यमुना जी परम उदार हैं क्योंकि हम रंचक दुविधा में पड़े तो तुरन्त ही प्रगट हो गये और हमारा मार्गदर्शन किया.

तब दामोदरदास ने पूछा कि गोविंदघाट तथा ठकुराणीघाट का क्या अभिप्राय है? श्री स्वामिनी जी की हद रावल से ठकुराणीघाट तक है तथा श्री ठाकुर जी की हद महावन से गोविंदघाट तक है.

छोकर का वृक्ष ब्रहम स्वरुप है. गोवंश के दृ-टिकोण से गोविन्दघाट की बैठक वै-णवों के लिए मील का पत्थर है.

आप रात्रि के समय में विश्राम कर रहे थे. पास में ही दामोदरदास भी लेटे हुए थे. तब आपके मन में चिंता हुई कि मेरा प्राकटय तो भूतल पर हो गया है तथा दैवी जीवों के उद्धार करने के लिए हुआ है. मायामत का खंडन कर भक्ति मार्ग की स्थापना करनी है. सकल तीर्थों को सनाथ करना है.

जीव तो दो-ों से भरा हुआ है तथा पुरु-ोत्तम तो गुणनिधान हैं. जीव का संबंध ब्रहम के साथ में कैसे होगा?

यह चिंता होने पर यमुना जी की पुलिन में साक्षात श्रीनाथजी प्रगट हो गये तथा आचार्य के निकट पधार कर कहा कि तुम चिंता क्यों करते हो?

तुम तो सर्वकरण समर्थ हो. तब आचार्य जी ने कहा कि जीव कहां और आप कहां? जीव का आपसे संबंध कैसे संभव है?

श्रीनाथ जी ने कहा कि आप नाम देंगे उसके दो-ा सेवा में समाप्त हो जायेंगे. आप जिसका ब्रहम संबंध करवायेंगे मैं उसका अंगीकार अवश्य ही करुंगा.

सूत के पवित्रा धोती उपरना केसर में रंग कर श्रावण सुद एकादशी के दिन तैयार कर रखे थे तथा मिश्री भी सिद्ध कर रखी थी वह श्रीनाथ जी को धरी.

आचार्य जी ने दामोदरदास को कहा कि तुम ने कुछ सुना? दामोदरदास ने कहा सुना तो लेकिन समझा नहीं. आचार्य जी ने कहा कि ठाकुर जी ने ब्रहम संबंध की आज्ञा की है. तब दामोदरदास ने सबसे पहले ब्रहम संबंध करने के लिए विनंती की.

श्री महाप्रभुजी ने दामोदरदास हरसानी जी को श्रावण सुद द्वादशी की सुबह सबसे पहले ब्रहम संबंध दिया था तथा कहा था कि यह मार्ग तेरे लिए ही प्रगट किया है इसलिए यह बैठक ब्रहम संबंध की बैठक भी कहलाती है. श्री महाप्रभुजी 4 माह बिराज कर श्री सुबोधिनीजी का प्रारम्भ यहां पर किया है.

श्री गुंसाई जी की बड़ी 2 री बैठक

श्री महाप्रभु जी के सामने श्री गुंसाई जी की दूसरी बैठक है. जब तक नवनीतप्रिया जी का मंदिर नहीं बना था तब तक महाप्रभुजी के मंदिर में बिराजे थे. श्री गुंसाई जी ने कहा कि नीव खोदने के लिए मूहर्त बहुत ही अच्छा है. तब यादवेन्द्रदास ने जब सुना कि अभी मूहर्त बहुत ही अच्छा है इसलिए सारी रात में मंदिर की नींव खोद दी. सुबह के समय श्री गुंसाई जी जागे तो रज के बड़े बड़े ढेर देखे. यादवेन्द्रदास से पूछा कि नींव कौन से मूहर्त में खोदी है? यादवेन्द्रदास ने कहा कि आपने जब कहा कि मूहर्त बहुत ही अच्छा है तब नींव खोदी है. गुंसाई जी यह सुनकर बहुत ही प्रसन्न हुए. वर्तमान में श्री गुंसाई जी साक्षात बिराज रहे हैं.

प्रिय नवनीत पालने झूले श्री विठठलनाथ झुलावे. यह कीर्तन इस बैठक में गाया गया है. श्री विठठलनाथजी ने श्री नवनीतप्रियाजी को पालने में झुलाये हैं.

उस समय नंदमहोत्सव के अलौकिक दर्शन सभी भगवदीयों को करवाये हैं.

श्री महाप्रभु जी की शैया मंदिर की 3 री बैठक

गोकुल की तीसरी श्री महाप्रभु जी की बैठक द्वारकानाथ जी के मंदिर के पास में है. एक समय श्री महाप्रभुजी शैयामंदिर की बैठक में पौढे थे तब वहां पर द्वारकानाथजी का मंदिर नहीं बना था. उस समय एक योगेश्वर ने श्री महाप्रभुजी को कहा कि यहां पर सात मंदिर बनेंगे.

श्री गोकुल यहां पर बसेगा. द्वारकानाथ जी के मंदिर के नीचे द्वापर के समय से तपस्या कर रहे योगी ने श्री महाप्रभु जी से विनंती की थी कि मुझे आज मेरी तपस्या का फल मिल गया है इसलिए यहां से तपस्या करते हुए नहीं हटाया जाये. श्री महाप्रभु जी ने उन्हें आर्शीवाद दिया था कि तुम्हें यहां से कोई नहीं हटायेगा.

द्वारकानाथ जी का मंदिर बनने पर श्री द्वारकेशजी ने योगी की कुटिया निकलने पर सोलह हाथ नींचे जाने के लिए कहा फिर मंदिर बन गया. मंदिर बनने के बाद में राजभोग के महाप्रसाद में कीड़े निकलने लगे. श्री द्वारकेशजी ने श्री गोकुलनाथजी से पूछा कि महाप्रसाद में कीड़े क्यों निकल रहे हें?

श्री गोकुलनाथजी ने कहा कि श्रीनाथजी को पूछकर बताउंगा.



श्री गोकुलनाथजी नाथद्वारा पधारे तब राजभोग के बाद शैयामंदिर के द्वार पर खड़े रहे तथा श्रीनाथजी से सारा वृतांत कहकर पूछा तब श्रीनाथजी ने जैसे कर्म किये हैं वैसा फल मिल रहा है. श्री द्वारकानाथजी श्री मथुरेश जी के पास में बिराजे.

वृंदावन
पंचगव्य

मोबाइल 08126699133 में राजस्थान पथमेडा में पृथ्वीमेड़ा पंचगव्य उत्पादन प्रा. लि. की सभी वस्तुएं उपलब्ध हैं.

श्री महाप्रभु जी की 4 थी बैठक बंसीवट मुकाम
वृंदावन मुखिया श्री पुरु-गेत्तम 9897979326

श्री महाप्रभुजी वल्लभाचार्य की बैठक वंसीवट के पास में है. परिक्रमा करने आने पर यहां पर वै-णव अदभुत एवं दिव्य दर्शन करने आते हैं. यहां पर महाप्रभु जी साक्षात बिराज रहे हैं.

गोपालदास गोड़िया कृ-णचैतन्य के सेवक थे. कृ-णचैतन्य ने एक शालीग्राम का स्वरुप पधरा दिया था. सेवा करने पर मुकुटकाछिनी का श्रंगार करने के लिए मन में बहुत अधिक ताप रहता था. श्री महाप्रभुजी के पास में गोपालदास गोड़िया कृ-णचैतन्य जी के कहने पर गया.

दूसरे स्वरुप पधराने के लिए विनंती की. श्री महाप्रभुजी ने कहा कि श्री ठाकुरजी सभी कुछ करने में समर्थ हैं. दूसरे स्वरुप की आवश्यकता नहीं है. यही स्वरुप तेरी भावना के अनुरुप दर्शन देगा. गोपालदास ने स्वरुप का नाम राधारमण रखा.

श्री महाप्रभुजी से सेवक करने के लिए विनंती की तब महाप्रभुजी ने कहा कि इस जन्म में कृ-णचैतन्य जी का सेवक है इसलिए अगले जन्म में तेरा अंगीकार होगा. अगले जन्म में गोपालनागा के रुप में सेवक बना.

यहां पर श्री महाप्रभुजी के द्वारा सखड़ी प्रसाद लेने के लिए कहा तब प्रभुदास जलोटा के द्वारा स्नान के बाद सखड़ी प्रसाद लेने की बात करने पर श्री महाप्रभु जी के द्वारा पदमपुराण के 2 श्लोक वृंदावन महात्म्य के कहे. वृक्ष वृक्ष वेणुधारी एवं पत्ते पत्ते में चतुर्भुज दिखलाकर वृंदावन का स्वरुप दर्शन प्रभुदास को करवाया है. दर्शन करने के बाद में प्रभुदास ने महाप्रसाद लिया.

श्री गुंसाई जी की 3 री बैठक

वृंदावन में वंसीवट में श्री महाप्रभु जी की बैठक के पास में श्री गुंसाई जी की बैठक है. एक ढढेरो भगवदस्वरुप लेकर श्री गुंसाई जी के पास में आया. श्री गुंसाई जी के देखते ही पुरु-गेत्तम की क्रीडा करने लगे. कोई तो वेणुनाद करने लगे. कोई घुटने पर चलने की लीला करने लगे.

यहां पर श्री गुंसाई जी ने पुरु-गेत्तम होकर अपनी दृ-िट से पुरु-गेत्तम स्वरुप होता है यह वृंदावन के महंत को बतलाया. यह अदभुत महात्म्य देखकर अनेक जीव आपके सेवक बने हैं.

वै-णव गोचारन का महत्व समझकर दर्शन करने अवश्य आते हैं. वै-णवों को अदभुत अनुभव होता है. यहां पर साक्षात गुंसाई जी बिराज रहे हैं.

श्री गुंसाई जी ने भगवान की गोचारन लीला को सुबह के समय वन में पधारते समय विप्रयोग होता है तथा वन से संध्या के समय गोचारन से वापस पधारते समय संयोग रस का दान करते हैं.

श्री गोकुलनाथ जी की 2 री बैठक

श्री गोकुलनाथ जी की बैठक वृंदावन में वंसीवट के पास में श्री महाप्रभु जी की बैठक के पास में है. वै-णवों को यहां पर श्री गोकुलनाथ जी के अदभुत दर्शन हो रहे हैं. यहां पर आपने श्रीमद भागवत सप्ताह की है. कल्याणभटट आदि भगवदीय आपके साथ में थे. तब हरिवंश प्रभृति जैसे संत महंत सप्ताह सुनने के लिए आते थे. वल्लभा-टक की टीका आपने यहां पर की है.

श्री दामोदरदास जी की दूसरी बैठक

श्री महाप्रभुजी, श्री गुंसाई जी, श्री गोकुलनाथजी की बैठक के पास में वंशीवट में दामोदरदास हरसानी जी की बैठक है. यहां पर श्री दामोदरदास जी साक्षात बिराज रहे हैं.

वृंदावन में भगवान कृ-ण की दिव्य लीला 5235 सालों से निरन्तर चल रही है.

भगवान कृ-ण की दिव्य लीला का निरन्तर अनुभव वहां रहने वाले संतों को हो रहा है. भगवान की भक्ति से मन के विकार पूरी तरह से दूर हो जाते हैं.

तुलसी वन

वृंदावन यानी तुलसी का वन कहलाता है. वर्तमान में तुलसी का महत्व विश्व में वृंदावन में सबसे अधिक है. विश्व में वृंदावन भक्ति के लिए सबसे अधिक प्रसिद्ध रहने के कारण एक बार देखने की इच्दा हर व्यक्ति की रहती है. वृंदावन में गोवंश के लिए विश्व के हर देश के समर्पित

लोग आते रहते हैं. दूध पर रहकर बहुत ही कठोर तप पर चल रहे हैं. दूध से बने व्यंजन मिलने के कारण ही प्रसाद के रुप में ग्रहण करने की भावना है. भागवतकार गोवंश के महत्व को वृंदावन से विश्व के हर कोने तक पहुंचाने के लिए संकल्पित हैं.

वृंदावन में श्री राधा जी का महत्व बहुत ही अधिक है. वृंदावन में आपस में मिलने पर राधे राधे करते हैं.

7,000 मंदिर

वृंदावन बहुत ही प्राचीन तीर्थ है तथा 7000 मंदिर मौजूद रहने के कारण ही पूरे विश्व में मौजूद धार्मिक व्यक्ति अपनी भावना के अनुसार बहुत बड़ी संख्या में दर्शन करने आते हैं.

गोवंश हर मंदिर में बहुत बड़ी संख्या में मौजूद है. गोवंश के संवर्धन करने के लिए लोग अपनी भावना के अनुसार दान करते रहते हैं. मंदिरों में बाहर से आने वाले व्यक्तियों के लिए रहने तथा भोजन की बहुत ही अच्छी व्यवस्था है.

वृंदावन में 12 माह भगवान की कथा एवं कीर्तन चालू रहती है. वृंदावन में हर मंदिर में गोशाला मौजूद है. गोशालाओं के विकास करने के लिए उदारता के साथ में दान दिया जाता है.

वृंदावन शोध संस्थान

वृंदावन में गोवंश का सम्मान करने के लिए वृंदावन शोध संस्थान मौजूद है. वृंदावन शोध संस्थान में विद्वान अपने विचार रखकर परिवर्तन करने के लिए प्रयत्नशील है. वृंदावन का अंग्रेज मंदिर बहुत ही प्रसिद्ध है.

इस्कोन मंदिर

अंग्रेज मंदिर में गोवंश संवर्धन का कार्य बहुत अच्छी तरह चल रहा है. वृंदावन में पूरे विश्व के गोवंश विशे-ज्ञ आकर अपने विचार रखते हैं. वृंदावन में गोवंश की गतिविधि 12 माह बहुत ही अच्छी तरह चल रही है.

पंचायती गोशाला

वृंदावन में पंचायती गोशाला में गोवंश संवर्धन एवं संरक्षण करने का कार्य बहुत ही लंबे समय से समर्पित गोवंश सेवकों के द्वारा किया जा रहा है.

जिला मथुरा

विश्रामघाट

श्री महाप्रभु वल्लभाचार्य जी की 5 वी बैठक

यहां पर श्री महाप्रभु वल्लभाचार्य जी साक्षात बिराज रहे हें. संवत 1549 भाद्रपद सुद 12 शरद ऋतु के समय उजागर चौबे को अपना पुरोहित बनाया तथा लिखकर दिया. विश्रामधाट में स्नान कर नियम लिया तथा उजागर चौबे के माध्यम से लीली परिक्रमा की भी आपने नीव रखी थी. मधुवन के लिए प्रस्थान किया.

महाप्रभु जी के साथ में व्रजयात्रा करने के लिए वासुदेवदास छकड़ा यादवेंन्द्रदास कुंभार, गोविंद दुबे माधव भटट काश्मीरी, सूरदास जी, परमानंददासजी साथ में थे. भगवान श्री कृ-ण की दिव्य लीलाओं का दर्शन करवाया था.

छीतु चौबे के माध्यम से विश्राम घाट की बैठक में हिंदुओं को मार्गदर्शन मिल रहा है. गोवंश के संरक्षण करने के लिए यह बैठक बहुत ही महत्वपूर्ण है. भगवान श्री कृ-ण ने कंस को मारकर इस घाट पर विश्राम किया था इस कारण विश्रामघाट नाम पडा है.

श्री महाप्रभुजी जब विश्रामधाट की बैठक पर पधारे तब वहां पर उजाड़ वन था. पास में स्मशान था. भूतेश्वर में बस्ती थी. श्री महाप्रभुजी को श्रीमद भागवत करने के लिए ग्लानी हुई इसलिए कृ-णदास मेघन को आज्ञा की कि जहां तक जल छिरका जायेगा वहां तक बस्ती हो जायेगी.

तब कृ-णदास मेधन ने कमंडल का जल असकुंडा से लेकर सूर्यकुंड तक छिरका. श्री महाप्रभुजी के प्रताप के कारण ही बस्ती उतने में बस गयी तथा स्मशान की भूमि ध्रूवधाट पर चली गयी.

जब आचार्य जी मथुरा पधारे तब सिकंदर लोधी के आदेश पर काजी ने आसुरी मंत्र लिखकर एक यंत्र विश्रामघाट में लगा दिया था जिसके नीचे हिंदु के जाने पर पर चोटी कट जाती थी तथा दाढ़ी उग जाती थी.

श्री महाप्रभुजी तथा उनके सभी सेवक यंत्र के नीचे से स्नान करने के लिए पधारे तब विश्रामघाट पर लगाये मुसलमान के यंत्र का प्रभाव नहीं हुआ. यह बात सभी को पता लग गयी.

जब श्री आचार्य जी ने सात दिनों के लिए श्रीमद भागवत पारायण किया तब जितने भी हिंदुओं ने यंत्र के नीचे से निकलकर यमुना जी में स्नान किया तब भी यंत्र का प्रभाव नहीं हुआ.

श्री आचार्य जी मथुरा से मधुवन के लिए पधारने लगे तब सभी चौबों ने श्री आचार्य जी का अलौकिक प्रभाव देखकर मुसलमानों के द्वारा हिंदुओं को परेशान करने के प्रयत्न का समाधान करने श्री महाप्रभु जी के पास में आकर वै-णवों ने विनंती की थी कि यंत्र यहां से हटवा दिया जाये. महाप्रभु जी ने वै-णवों को कहा कि काजी को कहो कि गोकुल के फकीर पधारे हैं इसलिए आप यंत्र उठा लें.

काजी ने कहा कि यह यंत्र बादशाह के द्वारा लगवाया गया है इसलिए बादशाह के कहने पर ही वापस होगा. चौबों ने आचार्य जी को आकर सभी समाचार कहे.

श्री महाप्रभु जी ने तब श्रीहस्त से एक यंत्र लिखकर वासुदेवदास छकड़ा तथा केशवभटट को देकर कहा कि दिल्ली के जितने दरवाजे हैं उस पर यंत्र लगाकर आ जाओ. यंत्र के कारण मुसलमानों के दाढ़ी समाप्त होकर चोटी उग जाती थी.

यह बात बादशाह को पता चली तब बादशाह ने यंत्र हटाने के लिए प्रयत्न किये तो यंत्र हाथ में नहीं आया. बादशाह ने यंत्र के बारे में पता लगवाया तो हलकारों ने बताया कि मथुरा के दो फकीर आये हैं उनने यह यंत्र रखा है.

तब बादशाह ने महाप्रभु जी को विनंती करवायी कि यंत्र यहां से उठा लिजिये. केशव भटट ने जबाव दिया कि मथुरा में विश्रामघाट पर से यंत्र पहले आप उठा लें तब हम दिल्ली पर से यंत्र उठा लेंगे.

बादशाह मन में बहुत ही डर गया तथा कहा कि हम यंत्र मथुरा से मंगवा लेते हैं. हलकाराओं के द्वारा मथुरा से यंत्र मंगवा लिया तथा पत्र आचार्य जी के सेवकों को दिया तब दिल्ली से यंत्र उठवा लिया.

श्री महाप्रभु ने संध्यावदन का जल छिड़ककर कहा कि विश्रामधाट पर अब यदि कभी यंत्र मुसलमान लगायेंगे तो नि-फल हो जायेगा.



श्रीकृ-ण जन्म स्थल

मथुरा भगवान श्री कृ-ण के जन्म होने के कारण विश्व में प्रसिद्ध है. भगवान श्री कृ-ण का जन्म द्वापर के अंत में गोवंश के रक्षण एवं संवर्धन करने के लिए हुआ था इसलिए 11 साल 52 दिनों तक व्रज में रहने के बाद कंस का वध करने के लिए भगवान मथुरा आये थे.

मथुरा अपनी संपन्नता के लिए बहुत ही प्रसिद्ध था. श्रीमद भागवत में मथुरा के बारे में विस्तार से वर्णन दिया गया है.

मथुरा में कुछ समय रहने के बाद जरासंध के द्वारा लगातार 17 बार आक्रमण करने के कारण तथा भगवान से हारने के कारण वरदानी कालयवन के द्वारा जरासंध के कहने पर मथुरा में आक्रमण करने पर मुचकुन्द राजा से कालयवन को मरवाने के लिए मथुरा छोड़ना पड़ा था.

भगवान श्री कृ-ण के जन्म के तीर्थ के दर्शन करने के लिए लाखों भक्त विश्व से आते हैं. श्री कृ-ण जन्म तीर्थ पर प्रतिदिन हजारों भक्तों की भारी भीड़ मौजूद रहती है.

विशाल क्षेत्र में श्रीकृ-ण के जन्म के समय का इतिहास सुरक्षित रखा गया है. 5238 सालों से भगवान के प्रागट्य स्थल का अपना विशे-ा महत्व है.

मथुरा में गोमाता के दूध से बने पेड़े तथा बहुत सारे व्यंजन जन्म सील पर मिलते हैं. पूरे विश्व में यहां से गोमाता के दूध से बने व्यंजन बहुत बड़ी मात्रा में जाते हैं.

सरकारी बस

मथुरा से बाहर से आने वाले तीर्थयात्रा करने वालों के लिए परिक्रमा सरकारी बस की सेवा उपस्थित है.

मथुरा में चौबे यानी चतुर्वेदी ब्राहमण जो चारों वेदों के जानकार रह चुके हैं तथा बाहर से आने वाले भक्तों की सेवा करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं.

द्वारकाधीश का मंदिर

गोवंश के संवर्धन करने के लिए मथुरा में सुप्रसिद्ध केंद्र श्री द्वारकाधीश का मंदिर अपनी भव्यता के लिए जाना जाता है.

लीली परिक्रमा

चतुर्वेदी ब्राहमण

आज से 550 सालों पूर्व से ही व्रज की 84 कोस की लीली परिक्रमा करने के लिए आने वाले भक्तों के लिए मार्गदर्शक के रुप में चतुर्वेदी ब्राहमण महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं.



लीली परिक्रमा का प्रारम्भ

श्री महाप्रभु वल्लभाचार्य जी के द्वारा लीली परिक्रमा प्रारम्भ करने के कारण ही उनके वंशज हर साल उनके अनुयायी वै-णवों के साथ में 40 दिनों की परिक्रमा करने मथुरा में आते हैं. लीली परिक्रमा में नित्य उत्सव किये जाते हैं जिसमें गोमाता के दूध से बने व्यंजन भक्तगणों को प्रसाद के रुप में वितरित किये जाते हैं.

दूध पर ही रहकर कुछ भक्त परिक्रमा करते हैं. लीली परिक्रमा करते समय वै-णव गोवंश के संवर्धन करने के लिए उदारता के साथ में दान करते हैं. लीली परिक्रमा बरसात के समय में ही पैदल खुल्ले पैरों से बहुत ही कठोर नियम के साथ में की जाती है.

तपोभूमि

अखिल विश्व गायत्री परिवार के द्वारा मथुरा वृंदावन मार्ग पर तपोभूमि में गोवंश के संवर्धन एवं संरक्षण करने के लिए 1953 से पंडित श्री राम जी शर्मा के द्वारा कठोर नीव रखी गयी है. पूरे विश्व में यहां से मार्गदर्शन किया जा रहा है.

विश्व जननी गौ वीडियो सीडी विश्व हिंदु परि-ाद के द्वारा 58 मिनट की अवधि की तैयार की गयी थी जिसे पूरे भारत के हर गांव में पहुंचाने के लिए अखिल विश्व गायत्री परिवार ने कार्य किया है.

जयति जय गो माता पुस्तक का प्रकाशन भी मात्र 15 रु. में किया गया है तथा युग चेतना साहित्य में भी 10 पुस्तकें प्रकाशित की गयी हैं. विश्व मंगल गो ग्राम यात्रा के लिए अखिल विश्व गायत्री परिवार की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका रही है.

विश्व के 84 देशों में गोवंश के संवर्धन करने के लिए अखिल विश्व गायत्री परिवार पूरी तरह से सक्रिय है. 2011 से परिवर्तन करना संभव है इसलिए परिजन दीपयज्ञ के माध्यम से गांव गांव में जागृति उत्पन्न कर चुके हैं. बहुत ही कम मूल्य पर साहित्य की सामग्री परिजन खरीद कर ले जाते हैं तथा गांव गांव में ज्ञान रथ के माध्यम से पहुंचा रहे हैं.

अखिल विश्व गायत्री परिवार का केंद्र बिंदु हरिद्वार है लेकिन साहित्य के लिए मथुरा बहुत ही महत्वपूर्ण है. हजारों की संख्या में गायत्री शक्तिपीठ, प्रज्ञापीठ, ज्ञानमंदिरों के माध्यम से नियमित हवन सुबह गोमाता के घी से करवाया जा रहा है. वर्तमान में करोड़ों की संख्या में बिना धन लिए परिजन गोवंश संवर्धन करने के लिए बहुत ही कठिन तप कर रहे हैं.

मथुरा तथा वृंदावन मार्ग पर बहुत सारी गोशालाएं भारतीय जीवजंतु कल्याण बोर्ड के वित्तीय सहयोग से चल रही हैं. युग निर्माण योजना के माध्यम से विचार क्रांति अभियान युवाओं के द्वारा हर गांव में चलाया जा रहा है. संध्या के समय में गोमाता के घी से दीपयज्ञ के माध्यम से हर गांव में गोवंश पालन करने के लिए बहुत ही जबरदस्त लहर उत्पन्न की गयी है.

युग निर्माण योजना मासिक पत्रिका में एक पन्ना गोवंश पर रहता है. गोवंश विशे-ांक भी 3 रु में प्रकाशित किया गया है. गोवंश पर युग चेतना साहित्य जो आसानी से जेब में रखा जा सकता है एवं मात्र 25 पैसे मूल्य पर उपलब्ध है में 91 से 100 तक, जयति जय गोमाता आदि बहुत सारा साहित्य प्रकाशित किया गया है.

गांव गांव में परिजनों के द्वारा गोवंश के संवर्धन करने के लिए जन जन को पूरी तरह से मोड़ने के लिए बहुत ही कठोर प्रतिज्ञा पत्र भरवाये गये हैं. दीवाल पर टंगाने के लिए गोवंश का कैलेंडर तैयार किया गया है. गांव गांव में पंचगव्य दवाओं के तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है. जैविक खेती करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है. युवाओं के द्वारा गोवंश के जागरण करने के लिए रैली आयोजित की जा रही है. विश्व मंगल गो ग्राम यात्रा में तपोभूमि की अहम भूमिका रहेगी.

23 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2001 तक पहली बार गोवंश संवर्धन पर वैज्ञानिक कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें 440 समर्पित लोगों के द्वारा भाग लिया गया है. परिजनों को मार्गदर्शन देने के लिए गोवंश के जानकारों को आमंत्रित किया गया है तथा गोवंश की जानकारी का प्रायोगिक ज्ञान भी दिया गया है. पंचगव्य तैयार कर सभी को पिलवाया गया है. 440 परिजनों के द्वारा इस शिविर में प्रेरणा लेकर वर्तमान में बहुत अच्छा कार्य किया जा रहा है.

मधुवन

श्री महाप्रभु जी की 6 वी बैठक मुकाम मधुवन महोलीजी जिला मथुरा



मधुवन में देवर्-ि नारद जी के कहने पर 5 साल के भक्त ध्रुव जी के द्वारा बहुत ही कठोर तप किया गया था जिसके कारण भगवान को साक्षात दर्शन देना पड़ा था. श्री महाप्रभुजी व्रजयात्रा के प्रारम्भ में मथुरा से मधुवन पधारे हैं. मधुवन बहुत ही पवित्र एवं दिव्य स्थान है तथा श्री महाप्रभु जी वल्लभाचार्य की बैठक कदंब के नीचे माधवकुंड कृ-णकुंड के उपर है.

श्री महाप्रभु जी यहां पर साक्षात बिराज रहे हैं. वै-णवों को यहां पर एक बार दर्शन करना चाहिए. श्री

महाप्रभु जी ने यहां पर बिराजकर सात दिनों तक श्रीमद भागवत का पारायण किया था.



मधुवनिया ठाकुर जी प्रतिदिन कथा सुनने आते थे. महाप्रभुजी के साथ में व्रजयात्रा करने के लिए वासुदेवदास छकड़ा, यादवेंद्रदास, गोविंद दुबे, माधवभटट काश्मीरी, सूरदास जी, परमानंददासजी गये थे. मधुवन में वज्रनाभ के द्वारा ठाकुर जी स्थापित किये गये हैं.

कुमुदवन

श्री महाप्रभु की 7 वी बैठक मुकाम कुमुदवन जिला मथुरा



वै-णव परिक्रमा करते समय कमोदवन अवश्य ही आते हैं. परिक्रमा करते समय गोवंश के संवर्धन करने दान करते हैं. कमोदवन बहुत ही सुंदर है. यहां पर निवास कर कमोदवन में वै-णवों को दिव्य अनुभव होते हैं.

मधुवन से तालवन के कुंड में स्नान कर तालवन की परिक्रमा कर कमोदवन पधारे. कृ-णदास मेघन ने पूछा कि वन का नाम कमोदवन क्यों है? तब आचार्य जी ने कहा कि सामवेद में व्रज का महात्म्य है. एक समय श्रीठाकुर जी तथा स्वामिनी जी वन में पधारे उस समय शरद की चांदनी का प्रकाश बहुत था. तब स्वामिनी जी ने कहा कि कमोद और कमोदिनी का वन सिद्ध हो तो बहुत ही अच्छा है.

कमोदवन में श्री महाप्रभु जी वल्लभाचार्य जी की बैठक जी श्यामतमाल के नीचे है. श्री महाप्रभु जी साक्षात बिराज रहे हैं. यहां पर 3 दिन बिराज कर पारायण किया है.

सामवेद के अनुसार यहां पर शरद की चांदनी रात में कमोदवन श्री कृ-ण जी ने स्वामिनी जी की इच्छा के कारण प्रकट किया है. वै-णवों ने जब आचार्य जी से कमोद एवं कमोदनी के दर्शन करवाने के लिए विनंती की तब दिव्य नेत्र 2 धड़ी प्राप्त हुए तथा लीला के संपूर्ण दर्शन हुए.

बहुलावन

श्री महाप्रभु जी की 8 वी बैठक मुकाम बहुलावन डाकघर बाटीगांव जिला मथुरा

श्री महाप्रभुजी वल्लभाचार्य की बैठक कृ-णकुंड के उपर उत्तरदिशा में वड वृक्ष के नीचे है. यहां पर साक्षात बिराज रहे हैं. यहां से आप तोसगांव के आगे जिखिन गांव में बलदेव जी के दर्शन कर उनको श्रृंगार किया.

दामोदरदास से कहा कि दमला बलदेव जी ने यहां पर शंखचूड को मारा है.

यहां से दूसरे दिन मुखराई होकर श्रीकुंड पधारे.

बहुलावन में 3 दिन श्री महाप्रभु जी बिराजे हैं. श्रीमद भागवत पारायण किया है. यहां पर एक ब्राहमण के द्वारा श्री महाप्रभु जी को विनंती की कि यहां का हाकिम बहुला गाय की प्रतिमा की पूजा करने नहीं देता है.

हाकिम का कहना है कि हमारे सामने यदि गाय घांस खायेगी तो हम पूजा करने देंगे.

तब श्री महाप्रभु जी ने हाकिम को बुलवाकर उसके सामने ही बहुला गाय को घांस दाना डाला जिसे वह खाने लगी.

बहुला गाय का पूजन

हाकिम को बहुत ही आश्चर्य हुआ. हाकिम ने आचार्य को दंडवत प्रणाम किया तथा सेवक करने के लिए विनंती की. श्री महाप्रभुजी ने हाकिम को कहा कि तुमने गाय की पूजा बंद करवा दी है वह चालू करो. हाकिम ने चमत्कार देखकर गाय की पूजा फिर से चालू करवा दी.

श्री महाप्रभुजी ने हाकिम से कहा कि अगले जन्म में तुम्हारा अंगीकार होगा. हाकिम बहुत सालों तक जीया.

अगले जन्म में रावल के पास में गोपालपुर गांव में मल्हा के घर में मेहा ढीमर के नाम से जन्म लिया तब श्री गुंसाई जी ने श्री महाप्रभुजी का वचन सत्य करने के लिए उसका अंगीकार किया.

बहुलावन गोवंश के विकास करने महत्वपूर्ण है. विश्व से वै-णव परिक्रमा करने बहुलावन में आते हैं. बहुलावन दिव्य भूमि होने के कारण ही संत बहुला गायों का दूध पीकर यहां पर बहुत ही कठोर तपकर रहे हैं. बहुलावन में भगवान श्री कृ-ण के समय से ही बहुत सुंदर गायें रही हैं. रमणीय एवं पवित्र भूमि पर दिव्य दृ-टि मिलने पर महत्व समझ में आता है. बहुला गायें बहुलावन में बहुत प्राचीन समय से पायी जाती हैं. बहुला गायें मानव के लिए वरदान के समान हैं. बहुला गायों के चमत्कार विश्व में प्रसिद्ध हैं.

रमणरेती

परिक्रमा मार्ग पर रमणरेती का पवित्र धाम है. विश्व गुरु भारत के गौरव का यह तीर्थ दिव्यता के लिए सुप्रसिद्ध है. रमणरेती में कीर्तन, प्रवचन आदि सतसंग चल रहा है. वर्तमान में भगवान श्रीकृ-ण की रमणलीला निरन्तर चल रही है. संत हमेशा यहां पर ध्यान लगाकर रमण लीला का साक्षात दर्शन कर रहे हैं.

रमणरेती में बहुत ही सुंदर गोशाला मौजूद है. विश्व के कई देशों से गोवंश के लिए अपार धन मिल रहा है. 1100 से अधिक गोवंश की बहुत ही अच्छी सेवा की जा रही है.

गोमाता बहुत ही अधिक दूध प्रतिदिन दे रही है. प्रतिदिन ब्रहम मूहर्त में वैदिक मंत्रों के साथ में हवन गोमाता के घी से किया जाता है. बाहर से आने वाले भक्तों के लिए गोमाता के पवित्र दूध, दही, छाछ, मक्खन, घी के स्वादि-ट व्यंजनों एवं भोजन की बहुत ही अच्छी व्यवस्था की गयी है. संत दूध पर रहकर बहुत ही कठोर तपकर रहे हैं.

अतिथियों के रहने की उत्तम व्यवस्था की गयी है. रमणरेती विश्व में भगवान कृ-ण के कारण ही बहुत ही प्रसिद्ध है. रमणरेती में विश्व से हजारों की संख्या में भक्तगण दर्शन करने आते हैं तथा रमणरेती में लोटकर अपने को धन्य अनुभव करते हैं.

श्री चंद्र सरोवर

श्री गुंसाई जी की 5 वी बैठक

श्री चंद्रसरोवर दिव्य भूमि है. चंद्रसरोवर में भगवान की नित्य दिव्य लीला चल रही है. वै-णवों को भी गोमाता का दूध पीकर श्री गुंसाई जी का आर्शीवाद प्राप्त हुआ है.

श्री महाप्रभु जी के पास में श्री गुंसाई जी की बैठक है. श्री गुंसाई जी 6 माह गोमाता का दूध पीकर चंद्र सरोवर में तपकर चुके हैं. 6 माह यहां पर आपने विप्रयोग का अनुभव किया है.

श्री गुंसाई की फुलघर की 6 वी बैठक

श्री गुंसाई जी यहां पर 6 माह बिराजकर फुलघर की सेवा की थी. गोवर्धन नाथ जी को यहां से नित्य एक मालाजी तैयार कर 6 माह तक भिजवायी थी. गोवंश के संवर्धन करने के लिए वै-णवों को प्रेरणा मिल रही है.

वै-णवों को उदारता के साथ गोवंश के संवर्धन करने के लिए दान देने के लिए मार्गदर्शन मिल गया है. श्री गुंसाई जी यहां पर नित्य साक्षात बिराज कर दैवी जीवों को अपनी सेवा में ले रहे हैं.



श्री गोकुलनाथ जी की 4 थी बैठक

श्री गोकुलनाथ जी की बैठक श्री गुंसाई जी की बैठक के पास में चंद्र सरोवर में है.

श्री गोवंश के महत्व को बढ़ाने के लिए ही यहां पर आप एक माह बिराज कर प्रथम दिव्य रास करवाया है. अलौकिक रास में चतुर्भुजदास ने कीर्तन गाया है. श्री गिरधर जी श्री गोवर्धननाथ जी सहित पधारे.

वर्तमान में वै-णव श्री गोकुलनाथ जी की बैठक में अलौकिक रास का अनुभव कर रहे हैं. रमणीय वातावरण में दिव्य लीला का दर्शन रोमांचित कर रहा है. श्री गोकुलनाथ जी ने बाद में श्री सर्वोत्तमस्त्रोत की टीका की है.

श्री प्रेमसरोवर

श्री गुंसाई जी की 9 वी बैठक

श्री गुंसाई जी की बैठक प्रेमसरोवर में है तथा यहां पर नित्य दर्शन दे रहे हैं. एक माह तक आप यहां पर रहकर गोविंदस्वामी को युगलस्वरुप के दर्शन करवाये हैं. श्रीस्फुरत्क-ण प्रेमामत की टीका की है. श्री गुंसाई जी के द्वारा गोवंश के लिए जो कार्य किया गया है उसके लिए अकबर के द्वारा गोसाई की उपाधि से सम्मानित किया गया है.

गुंसाई जी के समय में तथा बाद में उनके 7 लाल गोस्वामी के नाम से जाने जाते हैं. वै-णव श्री गुंसाई जी के अलौकिक दर्शन करने के साथ में दिव्य लीला का अनुभव करने के लिए बहुत ही उत्साह के साथ बहुत बड़ी संख्या में आ रहे हैं.

श्रीसंकेतबट

श्री गुंसाई जी की 10 वी बैठक

श्री गुंसाई जी की बैठक श्री संकेतबट में संकेत देवी के पास में है. वर्तमान में भी श्री गुंसाई जी के दर्शन बहुत ही मनोहर हो रहे हैं. आपके एक सेवक गुजराती ब्राहमण रेडा को दिव्य चक्षु देकर विवाह खेल के अलौकिक

दर्शन करवाये हैं. रेडा वै-णव तो दर्शन कर रस मग्न हो गया तथा देह का अनुसंधान नहीं रहा. तब श्री गुंसाई जी ने सावधान किया.

रीठोरा

श्री गुंसाई जी की 11 वी बैठक

श्री गुंसाई जी साक्षात यहां पर बिराज रहे हैं. बहुत ही अदभुत तथा अलौकिक बैठक है. श्री गुंसाई जी ने चंद्रावली कुंड में स्नान किया और आज्ञा की कि यह श्री चंद्रावली जी की निकुंज है. श्री गुंसाई जी ने चंद्रावली कुंड में स्नान किया. यहां पर श्री गुंसाई जी ने दानलीला ग्रंथ प्रकट किया है. 3 दिनों तक श्रीमद भागवत का पारायण किया है. महा अलौकिक सुख उत्पन्न हुआ.

श्री करहला

श्री महाप्रभुजी की बैठक



वर्तमान में भी साक्षात में श्री महाप्रभुजी के बहुत ही अदभुत दर्शन हो रहे हैं. पूरे विश्व से वै-णव यहां पर दर्शन करने के लिए आते हैं. गुजरात के वै-णवों के अंदर अपार उत्साह देखने मिलता है. श्री महाप्रभुजी ने दिव्य लीलाएं वै-णवों के लिए नित्य यहां पर की हैं. बैठक चरित्र में श्री महाप्रभुजी की बैठक के बारे में जानकारी उपलब्ध नहीं है. श्री महाप्रभुजी की बैठक श्री गुंसाई जी की बैठक एवं श्री गोकुलनाथ जी की बैठक कुंड पर साथ साथ हैं.

श्री गुंसाई जी की 12 वी बैठक

श्री गुंसाई जी की बैठक श्रीनाथ जी के जलधरा के पास में करहला में है तथा 3 दिनों तक यहां पर रुके हैं. यहां पर आपने श्री रासपंचाध्यायी की श्री सुबोधिनी जी पर श्री टिप्पणीजी ग्रंथ लिखकर प्रकट किया है. रासोली में श्री ललिता जी को स्वरुप है श्री गुंसाई जी ने एक पु-प की माला पहनाने लगे तब श्री ललिताजी ने माला न पहिन कर हाथ में ले ली. उस समय किसी ने देखी नहीं.

शाम के समय में जब गुंसाई जी दर्शन के लिए आये तब श्री ललिता जी ने कही कि तुम्हारी माला श्री स्वामिनीजी को पहनाई तब स्वामिनीजी ने प्रसादी कर माला मुझे दी है. स्वामिनीजी ने कहा कि यह माला गुंसाई जी को देना. श्री गुंसाई जी ने माला पहनकर एक अदभुत तथा दिव्य श्लोक कहा तथा बहुत प्रसन्न हुए. श्री ललिताजी भी बहुत ही प्रसन्न हुई. श्री गुंसाई जी ने वै-णवों को श्री गुंसाई जी के द्वारा साक्षात यहां पर दर्शन देकर अपनी शरण में लिया है.

श्री गोकुलनाथ जी की 7 वी बैठक

श्री गुंसाई जी की बैठक के पास में श्री गोकुलनाथ जी की बैठक है. वर्तमान में भी अदभुत आनन्द आता है. बहुत ही शांति तथा मन को प्रसन्न करने का वातावरण है.

